DOON UNIVERSITY
NEWSPAPER CLIPPING SERVICES

उत्तराखंड जल्द ही भारत का अग्रणी राज्य बनेगा: सुरेखा

देहरादून, वरिष्ठ संवाददाता। उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था तेज गति से बढ़ रही है। जल्द ही यह देश के अग्रणी राज्यों में शामिल होगा। यह बात दून यूनिवर्सिटी की कुलपति और यूसीसी ड्राफ्ट कमेटी की सदस्य प्रो. सुरेखा डंगवाल ने विवि में आयोजित सम्मान समारोह में कही।

उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड हर क्षेत्र में तरक्की कर रहा है। प्रोफेसर डंगवाल ने कहा कि राज्य ने बहुत अल्प अवधि में कई उपलब्धियां हासिल की हैं। बता दें कि समान नागरिक संहिता ड्राफ्ट कमेटी के सदस्य के रूप में सफलतापूर्वक कार्य करने पर दून विवि में उनका सम्मान किया गया। इस दौरान पर्यावरण विभाग के डीन प्रो. एसएस सुथार, प्रो. आशीष कुमार, डॉ. सुधांशु जोशी, अभिनव जोशी, डॉ. मंगल सिंह मंदरवाल, नरेंद्र लाल, डॉ. चेतना पोखरियाल, प्रो. गजेंद्र सिंह, डॉ. सविता कर्नाटक, डॉ. राजेश भट्ट आदि मौजूद रहे।

News paper – Hindustan
Date – 5.02.2024